Yashobhoomi

SPML Infra bags Rupee1,802 cr orders

Date: 29/08/2013 | Edition: Mumbai | Page: 7 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 6 H: 8

एसपीएमएल इन्फ्रा को १,८०२ करोड़ रुपये के नए आर्डर मिले

नयी दिल्ली, बुनियादी ढांचा विकास कंपनी एसपीएमएल इन्फ्रा लि. को बिहार और राजस्थान से विभिन्न कार्यों के लिए १,८०२ करोड़ रुपये के आर्डर मिले हैं। इनमें ग्रामीण विद्युतीकरण और जलापूर्ति कार्य भी शामिल हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एसपीएमएल इन्फ्रा लि. को दक्षिण बिहार बिजली वितरण (एसबीपीडीसीएल) तथा जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान से १,८०२.१० करोड़ रुपये के आर्डर मिले हैं। एसपीएमएल इन्फ्रा ने कहा कि एसबीपीडीसीएल से मिले दो आर्डर पटना और गया जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजनाओं के लिए हैं। इसके अलावा तीन आर्डर कोटा, अजमेर तथा भरतपुर के जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग से जलापूर्ति योजनाओं के हैं। इससे झालावाड़, अजमेर तथा भरतपुर जिलों के ४४५ से अधिक गांवों को फायदा होगा।